दिन– गुरूवार दिनांक– 29 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – खेलों को समर्थन और खेल प्रतिभा को प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा के राजगीर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर, खेल अकादमी और खेल विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन किया।

03. एनआईए ने विशाखापट्टनम जासूसी कांड मामले में संदिग्धों के बिहार समेत देशभर में फैले सोलह ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

04. और, गंगा, गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में कमी से भागलपुर, खगड़िया और कटिहार में बाढ़ की स्थिति में सुधार।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द की जयंती आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनायी जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि खेलों को समर्थन देने और अधिक से अधिक युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह, सभी खेलप्रेमी और देश के लिए खेलने वाले खिलाडियों की सराहना का अवसर है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने सभी नागरिकों को कम से कम एक घंटा खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। श्री मांड़विया ने सभी नागरिकों से आज राष्ट्रव्यापी उत्सव में भागीदारी करने का आग्रह किया।

–––बाईट–––

मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती को हम राष्ट्रीय खेल दिन के रूप में मना रहे हैं। स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और स्वस्थ समाज समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है। 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए देश के हर नागरिक स्वस्थ रहे, उसके लिए हर नागरिक फिट रहना आवश्यक है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा के राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर, खेल अकादमी और राज्य के पहले खेल विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन किया। इसके साथ ही राज्य में खेल के क्षेत्र में एक नये

अध्याय की शुरुआत हो गई है। इस मौके पर श्री कुमार ने नौ अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया। एक रिपोर्ट.....

———बाईट———

राजगीर खेल परिसर में 10 आउटडोर और 14 इनडोर खेलों के आयोजन की सुविधा है। वहीं खेल अकादमी में 19 प्रकार के खेलों के प्रशिक्षण दिये जायेंगे। यह देश का एकमात्र स्थान है जहां खेल कैंपस के साथ विश्वविद्यालय भी काम करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के आयोजन के लिए यहां एक क्रिकेट स्टेडियम भी बन रहा है जो 2025 तक पूरा होगा। राजगीर में राज्य का पहला एस्ट्रो टर्फ भी बिछाया गया है जहां उद्घाटन समारोह में एशियाई खेल की विजेता भारतीय हॉकी टीम ने प्रदर्शनी मैच खेला। 90 एकड़ क्षेत्र में फैले इस खेल सुविधा केंद्र में खेल प्रशिक्षण, विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन के अलावा खिलाड़ियों के इलाज, खेल संबंधी अध्ययन और पाठ्यक्रम का संचालन किया जायेगा।

आकाशाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार

————————————————————————

राज्य सरकार प्रदेश के सभी नगर परिषद और ग्राम पंचायतों में अगले महीने से खेल क्लब की शुरूआत करेगी। नए खेल क्लब गठित करने के साथ ही पुराने क्लब को पंजीकरण कराने की सुविधा दी जायेगी। खेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि इसके लिए पोर्टल लॉन्च किया जाएगा।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग—यूपीएससी को स्वैच्छिक आधार पर उम्मीदवारों की पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार आधारित सत्यापन की अनुमति दे दी है। पंजीकरण के समय और परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान यह सत्यापन किया जा सकता है। यह निर्णय पूजा खेडकर की अंतरिम उम्मीदवारी को रद्द करने और फर्जी पहचान दिखाकर सिविल सेवा परीक्षा में निर्धारित संख्या से अधिक प्रयास करने के लिए उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं से वंचित करने के बाद आया है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग की बायो ई—थ्री नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के लिए जैव प्रौद्योगिकी का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि इस नीति का उद्देश्य स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह नीति पूरी दुनिया के लिए भविष्य के आर्थिक विकास की रूपरेखा तय करने में मार्गदर्शक की भूमिका निभायेगी। इससे वैश्विक परिदृश्य में भारत की अग्रणी भूमिका भी सुनिश्चित होगी।

————————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने विशाखापट्टनम जासूसी कांड मामले में बिहार समेत देशभर में सोलह ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। ये सभी ठिकाने उन संदिग्ध लोगों से जुडे हैं जिन्होंने भारत में जासूसी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान से पैसा लिया था। यह मामला भारतीय नौ सेना से जुड़ी संवेदनशील सूचनाओं को लीक करने का है और यह भारत विरोधी साजिश सीमा पार रची गई थी। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया है कि तलाशी अभियान के दौरान बाईस मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

——————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर कल पटना स्थित राजभवन में राज्य के सभी कुलपतियों के साथ विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक कैलेंडर और अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में स्नातक और स्नातकोत्तर के शैक्षणिक कैलेंडर की स्थिति, लंबित परीक्षाओं के मामले तथा पूर्व की बैठकों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा होगी। इसके साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के सेवांत लाभ की भी समीक्षा की जाएगी। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र भेजा है।

——————————————————————

नेपाल और पड़ोसी राज्यों में हो रही बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में बढ़ा है जबकि अन्य स्थानों पर स्थिर बना हुआ है। सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इन्द्रपुरी में बढ़ रहा है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से लगभग बीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में और बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया है।

——————————————————————

इधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंगा, गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में कमी से थोड़ा सुधार हुआ है। प्रशासन को भी राहत कार्य चलाने में सुविधा हो रही है। इधर, जलस्तर में उतार–चढ़ाव के कारण कई स्थानों पर कटाव का संकट भी खड़ा हो गया है। भागलपुर जिले के सबौर और नाथनगर प्रखंड में कटाव से कई गांव प्रभावित हो रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

कटिहार जिले के विभिन्न प्रखंडों के तिरेपन गांवों में एक बड़ी आबादी अभी भी बाढ़ की त्रासदी का सामना कर रही है। राहत सामग्री समय पर नहीं मिल पान से लोगों में आक्रोश है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

कटिहार जिले के अमदाबाद ,मनिहारी, मनसाही, कुर्सेला और  बरारी प्रखंड के कई गांव में बाढ़ के कारण अभी भी जनजीवन प्रभावित है । जिले के करीब 53 गांव के 24 हजार से अधिक की आबादी बाढ़ से जूझ रही है। बरारी प्रखंड के कुंडी घाट, भवानीपुर, मोहनाचांदपुर और गुरमेला गांव के सैकड़ों घरो में पानी घुस गया है। यहां फिलहाल दो सामुदायिक किचन चलाया जा रहा है। इधर गंगा, कोसी, कारी के साथ ही बरंडी नदी के जलस्तर में आज गिरावट दर्ज की गई । जिससे राहत की उम्मीद जगी है। कई प्रभावित इलाकों में अभी तक राहत शिविर नहीं चलाये जाने और मवेशियों के लिए चारे का प्रबंध नहीं किये जाने से लोगों में आक्रोश है।

आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा और गंडक नदी के जलस्तर में कमी के बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात बदतर बने हुये हैं।

———बाईट———

जिले के परबत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंडों में गंगा और बूढ़ी गंडक में आयी बाढ़ के कारण जन जीवन प्रभावित है। हांलाकि नदियों के जलस्तर में कमी आयी है लेकिन खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अधिकारियों को जलस्तर की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं। परबत्ता के अंचलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तत्परता से चलाने को कहा है। इधर, जिन इलाकों से पानी निकल रहा है वहां महामारी की आशंका को देखते हुये ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव किये जाने की व्यवस्था की जा रही है।

आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मानसून की गतिविधि कमजोर पड़ गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। गया के मानपुर में सबसे अधिक छियालीस दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अन्य स्थानों पर उमस भरी गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान प्रदेश के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

इधर, मुंगेर जिले के चकवारा गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक वृद्ध की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार घटना के समय वे मवेशी चराने गये थे।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत लाक्षपुर में नहर में नहाने के दौरान पांच बच्चियां डूब गयी। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तीन लड़कियों बचा लिया गया। वहीं, दो बच्चियों की तलाश अभी भी जारी है। सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम नहर में तलाशी अभियान चला रही है।

———————————————————————

पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जकरियापुर में उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में नकली कफ सीरफ और नकली दवाओं के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बक्सर के जिला कृषि पदाधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान उर्वरक की बिक्री में अनियमितता पाये जाने पर तीन प्रतिष्ठानों का लाईसेंस रद्द कर दिया है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले में एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की संख्या प्रत्येक वर्ष बढ़ रही है। सदर अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक तीन सौ बारह मरीज एचआईवी संक्रमित पाये गये हैं।

———————————————————————

जहानाबाद की उत्पाद अदालत ने अरवल में शराब तस्करी के आरोप में पकड़े गये दो आरोपियों को पांच–पांच वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों तस्करों को एक–एक लाख रूपये का आर्थिक दंड भी लगाया है।

———————————————————————

सुपौल जिले के निर्मली थाना क्षेत्र अन्तर्गत वेलसिंगार मोती गांव में मवेशी चराने के दौरान करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, एक किशोर गम्भीर रूप से झुलस गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – खेलों को समर्थन और खेल प्रतिभा को प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा के राजगीर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर, खेल अकादमी और खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया।

03. एनआईए ने विशाखापट्टनम जासूसी कांड मामले में संदिग्धों के बिहार समेत देशभर में फैले सोलह ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

04. और, गंगा, गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में कमी से भागलपुर, खगड़िया और कटिहार में बाढ़ की स्थिति में सुधार।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।